हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026



04 वार्ड चलो बस्ती चलो अभियान में केंद्र और राज्य...



05 अग्रसेन भवन लोकार्पण में दिखी समाज की एकजुटता..




**तापमान**

अधिकतम 39.8 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री











# अप्रैल में गर्मी के तेवर बढ़े, पारा 39 डिग्री पार, 15 से दुर्ग जिले में लू एलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्मी ने अब अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। अप्रैल महीने के दूसरे हफ्ते में ही सोमवार को पारा 39 डिग्री सेल्सियस पार हो गया। अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस माइनस रहा। इस हालात की वजह से सुबह से ही तेज धूप से लोग बैचेन दिखाई दिए। दोपहर आते-आते गर्मी इतनी ज्यादा हो गई कि चेहरा तक जलने लगा और हवा गर्म भी हो गई। पूरा दिन लोगों ने कूलर-एसी में काटी। शाम 6 बजे तक धूप रही। मौसम विभाग ने दुर्ग जिले सहित प्रदेश के मध्य हिस्से में 15 अप्रैल से लू चलने की संभावना बताई है।

### खूब तपेगा अप्रैल का महीना

मौसम विभाग के हिसाब से अधिकतम तापमान हर दिन बढ़ता जाएगा। इस दौरान पारा 3 से 4 डिग्री सेल्सियस और बढ़ेगा। इस हिसाब से इस बार अप्रैल महीने में पारा 42 डिग्री सेल्सियस पार चले जाने की स्थिति बन रही है। यानी पिछले साल का रिकार्ड भी टूट सकता है। मौसम विभाग के एलर्ट जारी करने के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग, निगम प्रशासन आदि ने लोगों को अभी से सचेत करने के लिए प्रचार प्रसार करना भी शुरू कर दिया है। पंपलेट बांटकर और मीडिया के माध्यम से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सर्तक रहने की भी सलाह दे रहे हैं।



### इस तरह चल रहा है सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व बिहार और उसके आसपास स्थित है तथा यह 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका उत्तर पूर्व बिहार से दक्षिण तमिलनाडु तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### उत्तर-पश्चिम से आ रही गर्म व शुष्क हवाएं

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में उत्तर पश्चिम से गर्म और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों में दो डिग्री के आसपास वृद्धि (बस्तर संभाग के जिलों को छोड़कर) होने की संभावना है। 14 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। 15 अप्रैल से मध्य भाग में ग्रीष्म लहर चलने अथवा ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है।

### शीतल पेय का ले रहे सहारा

गर्मी बढ़ते ही ट्विनसिटी के लोग राहत पाने के लिए शीतल पेय की दुकानों में ज्यादा नजर आने लगे हैं। जगह-जगह व चौक-चौराहों पर ठेले-खोमचों में गन्ना रस, जूस, लस्सी और अन्य ठंडे उत्पादकों का सेवन करने लगे हैं। तरबूज, खरबूजा जैसे फल भिलाई दुर्ग में खूब बिकने लगे हैं। इनका कारोबार अब परवान चढ़ने लगा है।

## तीन हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को बांटी घटिया साड़ी

# 500 की साड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 150 रुपए खर्च, उसके बाद वापस मंगवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*ड्रेस कोड के नाम पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को घटिया क्वालिटी की साड़ी बांट दी। छत्तीसगढ़ महिला बाल विकास विभाग अब मामला उजागर होने के बाद बांटी गई साड़ियां वापस मंगवा रही है। दुर्ग जिले की 3 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से साड़ियां वापस मांगी गई है। इस साड़ी की स्थिति यह है कि एक ही धुलाई में ही साड़ी का रंग गायब हो गया और पतली हो गई। एक ही धुलाई में वो पहनने लायक नहीं बची।*

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका संघ के द्वारा इस मामले की शिकायत जनवरी महीने में जिम्मेदारों से की गई थी। उसके बाद भी दुर्ग महिला बाल एवं विकास विभाग के अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं पर दबाव बनाकर साड़ी ले जाने मजबूर किया। नतीजा यह हुआ कि 500 रुपए की साड़ी में 150 रुपए का पीको फाल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने खुद खर्च किया। अब दुर्ग जिले सहित पूरे प्रदेशभर से वही साड़ियां वापस करने का फरमान जारी किया गया है।



3000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं को बांटी घटिया साड़ी, एक ही धुलाई में रंग गायब

हरिभूमि पड़ताल

20 जनवरी को हरिभूमि में प्रकाशित खबर

### पीको-फाल में हो गए हैं 150 रुपए खर्च

दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को स्तरहीन साड़ी वितरण की खबर 20 जनवरी 2026 को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। बावजूद इसके दुर्ग जिले के महिला बाल विकास अधिकारी और जिला प्रशासन ने एक्शन नहीं लिया। बल्कि शहरी और ग्रामीण परियोजना अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाकर परियोजना से साड़ी उठाने कह दिया। नतीजा यह हुआ कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने साड़ी में पीको-फाल तक करवा ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं बताती हैं कि पीको-फाल करवाने में 150 रुपए खर्च हो चुके हैं। उनका कहना हैं कि जब जनवरी में ही यह साड़ी आई थी और शिकायत के बाद यदि अधिकारी एक्शन लेते तो उनके ये पैसे बच जाते।

### स्तरहीन साड़ी की जगह ब्लेजर होगा सुविधाजनक

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का कहना है कि कार्य की सुगमता और एक सशक्त प्रोफेशनल पहचान के लिए भविष्य में साड़ी के स्थान पर हमे शासकीय मोनोयुक्त ब्लेजर कोट प्रदान किया जाए। ब्लेजर सभी साइज की महिलाओं के लिए सुविधाजनक है। यह फील्ड वर्क और गृह भेट के दौरान एक कर्मचारी जैसी पहचान देता है। इसे किसी भी कपड़ों सूट या साड़ी के ऊपर पहना जा सकता है, जो व्यावहारिक है।

### ठेका एजेंसी को करें ब्लैक लिस्ट

आगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहाइकाओं सहित छग जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका कल्याण संघ की जिलाध्यक्ष गीता बाघ ने कहा कि जो साड़ी बांटी गई है व घटिया क्वालिटी की है। उसका साइज भी छोटा है। इस साड़ी में सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी जेब से खर्च कर पीको फाल कराया और शासन जाग रहा है और साड़ी को दोबारा वापस मंगवा रहा है। शासन को चाहिए वो साड़ी सप्लाई करने वाली एजेंसी से दोबारा गुणवत्तायुक्त साड़ी की सप्लाई कराए और उसे ब्लैकलिस्ट करे, जिससे वो दोबारा ऐसा काम करने से पहले डरे।

### लंबाई-चौड़ाई मानक के अनुरूप नहीं

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने बताया कि यूनिफार्म के रूप में घिटया स्तर की साड़ियां बांटी गई हैं। उसका कपड़ा एक ही धुलाई में इतना पतला हो गया कि पहनने लायक नहीं है। साड़ी की लंबाई और चौड़ाई भी मानक से कम है। एक स्टैंडर्ड साइज की साड़ी की लंबाई साढ़े 5 से 6 मीटर होना चाहिए, जबकि बांटी गई साड़ी की चौड़ाई और लंबाई दोनों कम है।

### अधिकारियों ने साध रखी है चुप्पी

स्तरहीन साड़ी मामले में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आरके जामुलकर और दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी अजय साहू को मोबाइल नंबर पर कई बार संपर्क कर उनका पक्ष जानना चाहा लेकिन उन्होने फोन रिसीव नहीं किया। इस तरह अधिकारी इस बार भी चुप्पी साधे हुए हैं।

# थाना परिसर में रील बनाना पड़ा भारी, 2 युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उतई थाना परिसर में रील बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करना दो युवकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। दुर्ग पुलिस के ऑपरेशन विश्वास के तहत सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो पर संज्ञान लिया गया।

वीडियो में एक युवक थाना उतई परिसर के अंदर रील बनाते हुए नजर आया, जिसे बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया गया था। जांच में पुष्टि हुई कि वीडियो थाना परिसर के भीतर ही शूट किया गया था, जिससे प्रशासनिक परिसर की गरिमा प्रभावित हुई। इसके बाद उतई पुलिस ने वीडियो में शामिल दोनों युवकों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों में से एक के खिलाफ पहले से थाना नेवई में आपराधिक प्रकरण दर्ज है।



■ उतई थाना पुलिस ने की कार्रवाई, मोबाइल जब्त

इसी आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हुकेश उर्फ हुक्का साहू (27 वर्ष) और कनक चतुर्वेदी (24 वर्ष), निवासी स्टेशन पारा मरौदा, थाना नेवई, जिला दुर्ग के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से वह मोबाइल फोन भी जब्त किया है, जिससे वीडियो रील बनाई गई थी।

### शिवनाथ में डूबे अज्ञात युवक का शव बरामद

**भिलाई।** महमरा स्थित शिवनाथ नदी एनीकेट में एक युवक के डूबने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। कंट्रोल रूम दुर्ग से सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मामला दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र का है।जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीआरएफ प्रभारी धनीराम यादव के नेतृत्व में टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए नदी में डूबे युवक के शव को बाहर निकाला। इसके बाद शव को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। शव लगभग 3 से 4 दिन पुराना है और सड़ने की स्थिति में है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 35 पाव देशी मदिरा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस दुर्ग ने एक बार फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नदी रोड स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के सामने एक व्यक्ति कपड़े के थैले में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 35 नग देशी मसाला मदिरा, कुल 6.300 बल्क लीटर शराब बरामद की गई। इसके साथ ही बिक्री की नगद रकम 300 रुपए भी जब्त की गई। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 3800 रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुकुन्द सारथी, उम्र 30 वर्ष, निवासी मठपारा दुर्ग बताया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

### कुम्हारी में गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के खिलाफ दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में कुम्हारी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गांजा बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुम्हारी के गौठान के पास एक युवक अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1.700 किलोग्राम गांजा और 12,500 रुपए नगद बरामद किए गए।

# सड़क किनारे मिली हाईवा चालक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नंदिनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरझाल में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर प्रशिक्षु डीएसपी दानेश्वर साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। मृतक की पहचान 40 वर्षीय असुर मरकाम के रूप में हुई है, जो पेशे से हाईवा चालक बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लोगों ने शड़क किनारे शव देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक असुर मरकाम शराब पीने का आदी था और अक्सर बिना बताए घर से कई दिनों के लिए बाहर चला जाता था। पहले भी कई बार 2-3 दिनों तक घर से गायब रह चुका था, जिसके चलते इस बार उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है।




# ट्रक से तीन मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बैठी गायों को कुचल दिया। इस घटना में तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गायें गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद इलाके में तनाव फैल गया और ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर विरोध जताया। घटना उतई थाना क्षेत्र के आदर्श नगर बावापारा की है।

जानकारी के मुताबिक रविवार रात करीब 9.30 बजे पउवारा से उतई की ओर जा रहा ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 2489 ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठी गायों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि तीन गायों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन अन्य गायों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था लेकिन बाद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। ट्रक में लकड़ी लोड थी, जिसे जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया गया है। इस हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सड़क पर चक्काजाम कर दिया। इससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।



■ आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, चालक गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलने पर पाटन एसडीओपी अनुप लकड़ा और उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश दी और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। करीब रात 11.30 बजे प्रशासन और पुलिस की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया और सड़क को यातायात के लिए खोल दिया गया। इसके बादस्थिति सामान्य हो गई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






## टाउनशिप के सेक्टर 7 में घर-घर हो रहा सर्वे

# पीलिया के तीन नए मरीज, संख्या पहुंची 34

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के सेक्टर 7 में पीलिया के मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आज सोमवार को पांचवें दिन भी प्रभावित क्षेत्र में किए गए सर्वे में दो नए मरीज मिले। पिछले पांच दिनों के दौरान अब तक 32 मरीज मिल चुके हैं। वहीं दूसरी ओर बीएसपी बीएचई की टीम द्वारा सफाई के साथ पाइप लाइन बदलने का काम जारी है।

सेक्टर 7 सड़क 37 ए,बी,सी और सड़क 38 में पीलिया के प्रकोप के चलते जिला स्वास्थ्य विभाग, बीएसपी और नगर निगम की संयुक्त टीम के राहत के बीच उल्टी दस्त की बीमारी नियंत्रण में है। लेकिन पीलिया के मरीजों का मिलना अब भी जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सोमवार को पांचवे दिन 130 घरों मे सर्वे किया गया। 12लक्षणयुक्त रोगिया का सैंपल लिया गया।तीन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उल्टी फीवर से पीड़ित एक बच्चे को शंकराचार्य अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए और जांच के लिए लैब भेजे गए। दो नए मरीज पाजिटिव पाए गए। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा मरीजों का पीलिया टेट्स किया गया। दीपक, ई व विशाल को शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। करुन राव टीम द्वारा शिविर लगाकर सर्वे और जांच कार्य मुहिम जारी रहेगी। स्वास्थ्य टीम में शासकीय सुपेला अस्पताल प्रभारी डां. पीयाम सिंह सहित सुपरवाइजर बीटीओ हितेंद्र कोसरे, विजय सेजुले, बीटीओ राजेंद्र डाहरे,सुपरवाइजजर रोहित मांडले, पर्यवेक्षक पंकज राठौर, पंकज सिन्हा, सर्विलांस अधिकारी चंद्रभान सिंह बंजारे एपिडेमियोलाजिस्ट रितिका सोनवानी, प्रिंस रमाशंकर यादव शामिल हैं। प्रभावित स्थल में बीएसपी के पीएचई विभाग द्वारा नाले के किनारे की पुरानी पाइप लाइन रिपेयर और और नई पाइप लाइन डालने का काम जारी है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि काम में तेजी आना जरुरी है क्योंकि अभी भी कुछ घरों में मटमैला पानी आने के साथ मरीजों का मिलना जरुरी है।



### 24 पुलिस कर्मियों का कटा चालान

**भिलाई।** सड़क सुरक्षा को लेकर दुर्ग यातायात पुलिस ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून सबके लिए बराबर है, चाहे आम नागरिक हों या खुद पुलिसकर्मी। इसी दिशा में कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर 24 पुलिसकर्मियों के खिलाफ चालान किया गया है।

यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह सामने आया कि कुछ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सभी संबंधित कर्मियों पर चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में कुल 24 पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है, जिन्हें न सिर्फ चालान किया गया बल्कि भविष्य में नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी भी दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि नियमों के पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम यानी आईटीएमएस का भी उपयोग किया जा रहा है। शहर में लगे कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है।







## खबर संक्षेप



### आवास योजना के पात्र अपात्रों की सूची जारी

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान–मोर आस अंतर्गत आपत्ति एवं दावा प्रक्रिया के संपादन पश्चात अंतिम पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों की सूची जारी कर दी गई है। नगर निगम द्वारा जारी इस सूची में उन सभी आवेदकों का अंतिम निर्णय शामिल है, जिनके आवेदन पर आपत्तियां एवं दावे प्राप्त हुए थे। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जांच एवं निराकरण के बाद अब अंतिम सूची प्रकाशित कर दी गई है। जारी सूची को नागरिक विभागीय वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके साथ ही यह सूची नगर निगम के मुख्य कार्यालय एवं डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में भी चस्पा की गई है।

### लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण

**दुर्ग।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 के लिए 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस भर्ती की ऑनलाइन लिखित परीक्षा सीईई का आयोजन 1 से 15 जून के मध्य किया जाना संभावित है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा आवेदकों की सहायता के लिए 1 से 31 मई तक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। प्रशिक्षण का उद्देश्य पंजीकृत युवाओं को लिखित परीक्षा के लिए बेहतर ढंग से तैयार करना है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक जो इस प्रशिक्षण का लाभ उठाना चाहते हैं, वे रोजगार विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### मिशन क्लीनसिटी योजना को बेहतर करने का प्रयास

# दुर्ग निगम की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने की पहल 44 करोड़ से बनेंगे 8 नए एसएलआरएम सेंटर

## भविष्य में वेस्ट कंपोस्ट प्लांट की स्थापना की भी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग





नगर पालिक निगम द्वारा मिशन क्लीन सिटी योजनांतर्गत शहर के सभी एसएलआरएम सेंटर पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं। इन सेंटरों में वार्डों से प्राप्त कचरे का निपटान स्वच्छता दीदियों द्वारा मानवीय तरीके से किया जा रहा है। कचरा पृथक्कीकरण का कार्य भी लगातार जारी है, जिससे शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

निगम द्वारा सभी सेंटरों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ मशीनीकरण तकनीकी उन्नयन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। वर्तमान में 8 नए एसएलआरएम सेंटरों के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिनमें से 3 सेंटरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि शेष 5 के लिए भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया जारी है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि 44 करोड़ रुपए का बजट केवल कचरा फेंकने के लिए नहीं, बल्कि पूरे शहर की सफाई व्यवस्था के लिए उपयोग किया जा रहा है।

इसमें हजारों सफाई कर्मियों का वेतन, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, मशीनों का रख-रखाव तथा भविष्य में वेस्ट-टू-कम्पोस्ट प्लांट की स्थापना शामिल है। निगम की नीति जीरो वेस्ट पर आधारित है। डंपिंग यार्ड में आग लगने की घटनाएं प्रायः ज्वलनशील कचरे या बाहरी शरारतों के कारण होती हैं। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए प्रोसेसिंग प्लांट की निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। निगम प्रशासन ने शहरवासियों से कहा है कि सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग देकर स्वच्छता अभियान में सहयोग करें।

# मंदिर में चोरी और नशे के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर के सेक्टर-5 और सेक्टर-6 क्षेत्र में बढ़ती जनसमस्याओं को लेकर भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक क्रमांक-4 कांग्रेस नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने कोतवाली थाना भिलाई नगर पहुंचकर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा से मुलाकात की और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी क्रमांक 4 अध्यक्ष सौरभ दत्ता ने बताया कि यहां बात सिर्फ एक समस्या की नहीं है। मुद्दे कई हैं और सीधे आम लोगों की सुरक्षा, आस्था और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े हैं। सौरभ दत्ता ने सबसे पहले सेक्टर-6 स्थित साईं बाबा मंदिर में हुई चोरी का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि पिछले महीने मंदिर से लाखों रुपये के आभूषण और पूजा सामग्री चोरी हो गई थी, लेकिन अब तक आरोपियों का पता नहीं चल सका है। उनका कहना है कि यह सिर्फ चोरी नहीं, हजारों श्रद्धालुओं की आस्था पर चोट है। इसलिए इस मामले में जल्द कार्रवाई जरूरी है। इसके अलावा सेक्टर-5 और सेक्टर-6 में खाली पड़े जर्जर बीएसपी भवनों को लेकर भी चिंता जताई गई। प्रतिनिधिमंडल में सुमित पवार, तोषु वर्मा, याकूब, सुनील गोयल, सुमित सिंह, सेवन ठाकुर, राहुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्कूलों के आसपास पान ठेलों को लेकर जताई चिंता

एक और बड़ा मुद्दा सेक्टर-6 ई मार्केट का सामने आया, जहां खाने-पीने के स्टॉल्स के कारण सड़क पर भीड़ लग जाती है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी होती है और यातायात प्रभावित होता है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से यहां व्यवस्था सुधारने और दुकानदारों पर सख्ती करने की मांग की। स्कूलों के आसपास पान ठेलों और कथित तौर पर नशे की सामग्री की बिक्री को लेकर भी चिंता जताई गई। नेताओं ने कहा कि बच्चों के भविष्य से जुड़ा यह मामला बेहद संवेदनशील है, इसलिए स्कूलों के आसपास ऐसे गतिविधियों पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। नियमों के अनुसार ही दुकानों को अनुमति दी जाए। इन सभी मुद्दों पर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

# उपायुक्त ने किया जनगणना प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



जनगणना कार्यों की सटीकता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को उपायुक्त सह नोडल अधिकारी (जनगणना) डी.एस. कोसरिया ने जोन 4 शिवाजी नगर तथा जोन 2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रशिक्षण हॉल में उपस्थित प्रगणकों से चर्चा की और जनगणना फॉर्म भरने की तकनीकी बारीकियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रगणक को डिजिटल और मैन्युअल डेटा प्रविष्टि के संबंध में स्पष्ट जानकारी दी जाए ताकि मैदानी कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। उपायुक्त ने जोन स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें हर परिवार की सटीक जानकारी दर्ज करना अनिवार्य है। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं, जैसे पेयजल और बैठक व्यवस्था का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, सहायक राजस्व अधिकारी एवं जनगणना कार्य से जुड़े अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। आयुक्त के निर्देशानुसार, आगामी दिनों में अन्य जोन क्षेत्रों के प्रशिक्षण केंद्रों का भी इसी प्रकार निरीक्षण किया जाएगा ताकि शत-प्रतिशत त्रुटिरहित डेटा संकलन सुनिश्चित हो सके।

# ग्रामसभाओं का आयोजन आज

**दुर्ग।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार समस्त ग्राम पंचायतों में 14 अप्रैल को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं आश्रित ग्रामों में आयोजित होने वाली इन ग्राम सभाओं के लिए पूर्व से समय-सारिणी तैयार कर ली गई है तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं। उक्त ग्राम सभाओं में विभिन्न विषयों विगत तिमाही के आय-व्यय का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति, स्वीकृत, प्राप्त, व्यय राशि एवं वर्तमान स्थिति का विवरण कर अधिरोपण एवं संग्रहण प्रणाली को ऑनलाइन करने हेतु समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग एवं संपत्ति कर निर्धारण, पंचायत के वर्तमान, पूर्व पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित लेखा, बकाया की जानकारी, सड़कों पर आवारा एवं पालतू पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम आदि पर चर्चा होगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

बैशाखी पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को लख-लख बधाईयां
श्री गुरुनानक सार्वजनिक धर्मशाला
हॉस्पिटल सेक्टर, भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
श्री बी.एल. नेब - अध्यक्ष
स. पलविन्दर सिंघ रंधावा - उपाध्यक्ष
श्रीमती इंद्रजीत कौर - उपाध्यक्ष
स. निर्मल सिंघ रंधावा - सचिव
स. कुलदीप सिंघ - सह सचिव
स. जसवन्त सिंघ खालसा - कोषाध्यक्ष
एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य

परम पूज्य बाबा साहेब
डॉ. भीमराव अम्बेडकर
की जयंती की हार्दिक मंगल कामनाएं..
अशोका सहकारी प्रिन्टिग प्रेस मर्यादित,
मो.: 9926707098 पंजीयन क्रमांक -2292
होलसेल होजियरी मार्केट, उत्तर गंगोत्री, सुपेला, भिलाई,
संचालक मंडल
बृजलाल गजभिये (अध्यक्ष)
बुधराम उके (संचालक सदस्य)
अशोक कुमार डोंगरे (संचालक सदस्य)
डी.ओ. सिरसाट (संचालक सदस्य)
ताराचंद मेश्राम (संचालक सदस्य)
जी.एच. गड़पाल (संचालक सदस्य)
श्रीमती अनिता उके (संचालक सदस्य)
आनंदराव ठावरे (संचालक सदस्य)
भाऊदास गजभिये (संचालक सदस्य)
श्रीमती पल्लवी श्याम कुंवर प्रबंधक
नरेन्द्र शेन्डे
व्यवस्थापक- अशोका सहकारी प्रिन्टिग प्रेस मर्यादित
अध्यक्ष बौद्ध कल्याण समिति कोसा नगर भिलाई
उपाध्यक्ष- दि. बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया, बुद्ध विहार से.-6, भिलाई

बाबा साहेब
डॉ. भीमराव आंबेडकर जी
की 135वीं जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं



भारत के सामाजिक और लोकतांत्रिक इतिहास में डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान अद्वितीय है। उनकी 135वीं जयंती केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता और न्याय को मजबूत करने का संकल्प लेने का दिन है।

भारतीय संविधान के शिल्पकार व महान समाज सुधारक भारत रत्न
डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी
की 135 वीं जयंती पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रमेश बारसागड़े
पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी
महामाया बुद्ध विहार कल्याण समिति, कर्मचारी नगर, दुर्ग

शिक्षित बनो! संघटित रहो! संघर्ष करो!
भारतरत्न
डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर जी की 14 अप्रैल 2026 को 135वीं जयंती के अवसर पर आप सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अशोक मेश्राम
समाजसेवी व पूर्व सचिव
बुद्धविहार समीति, शंकर नगर, दुर्ग

महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन
सरकार से मांग
BT ACT 1949 निरस्त करो।
महाबोधि महाविहार गैर बौद्धों से मुक्त करो।
महाबोधि महाविहार बौद्धों को सौंप दो।
महाबोधि महाविहार बोधगया
ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम छत्तीसगढ़ एवं समस्त बौद्ध एवं सामाजिक संगठन दुर्ग, जिला
सम्मानिय डॉ. आकाश लामा जी
राष्ट्रीय महासचिव
ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम, भारत

ज्ञान के प्रतीक, भारत रत्न, भारतीय संविधान के जनक, नारियों के मुक्तिदाता महामानव
बाबा साहब डॉ आम्बेडकर जी
की 135 वीं जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
BSP SC/ST EMPLOYEES ASSOCIATION
विजय कुमार रात्रे - महासचिव
कोमल प्रसाद - अध्यक्ष
कार्यकारी अध्यक्ष - उत्तम मंडावी, उपाध्यक्ष - कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, शशांक प्रसाद, रमेश चंदवानी, संगठन सचिव - परमेश्वर लाल, जोनल सचिव - कालीदास बघेल, संजय कुमार, उत्तम मंडावी, कुंज लाल ठाकुर, यशवंत नेताम, जितेन्द्र कुमार भारती, कोषाध्यक्ष - अनिल कुमार खेलवार, उपकोषाध्यक्ष - नरेश चंद्र, कार्यकारिणी सदस्य - धरम पाल राम, हेमन्त भुआर्य, धनन्जय मेस्राम, लेखराम घरेन्द्र
विनीत : भिलाई इस्पात संयंत्र एससी/एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन भिलाई पं. क्र.-6976

## खबर संक्षेप



### पौधरोपण के लिए गड्ढा खोदने दी ड्रीलिंग मशीन

**उतई।** जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति गोपाल यादव ने डुन्डेरा में पौधरोपण करने वाले हितवा संगवारी संस्था के युवाओं को गड्ढा खोदने के लिए ड्रीलिंग मशीन प्रदान की। उन्होंने आज डुन्डेरा नर्सरी पहुंचकर उक्त ड्रीलिंग मशीन की पूजा अर्चना कर इसे पौधरोपण कार्य के लिए समर्पित किया। साथ ही मशीन से खोदे गए पहले गड्ढे में उन्होंने खुद हितवा संगवारी संस्था के युवाओं के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान संस्था के रोमशंकर यादव, राजेश चंद्राकर, हरीश साहू, प्रेम नारायण वर्मा , गुलशन कुमार देशमुख, राजकुमार सारथी, टिकेश्वर सार्वा, भरत चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण संरक्षण कार्य से जुड़े ग्रामीण मौजूद थे।

### पाटन में संत शिरोमणि सेन जयंती आज

**सेलूद।** पाटन में सर्व सेन समाज पाटन ब्लॉक के तत्वावधान में 14 अप्रैल को संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती मनाई जाएगी। यह आयोजन पाटन के इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें महिलाएं एवं समाज के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। समाज के अध्यक्ष नरेश सेन ने संयुक्त रूप से समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जनसमस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं से की चर्चा



**सेलूद।** झीट क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य एवं जोशीला स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और पूरे उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य अंशु तुलसी रजक सहित ग्राम पंचायत झीट के उपसरपंच देवेंद्र बिट्टू पटेल, पूर्व उपसरपंच विष्णु पटेल,जनक पाल, रामेश्वर कौशिक, सीमा कौशिक, जित्तू पटेल, केशव सिन्हा, श्याम लाल धीवर, राम सेवक खुटेल एवं सोनू वैष्णव सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने क्षेत्रीय विकास और जनसमस्याओं को लेकर भी चर्चा की। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन किया।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कल

**सेलूद।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, ज्योतिबा फुले व नकुल देव ढीढ़ी का जयंती व सम्मान समारोह 15 अप्रैल को शाम 4 बजे से फुण्डा में सतनामी आसरा, पाटन एवं ग्रामवासी फुण्डा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन, अध्यक्षता डॉ भूपेन्द्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग, विशेष अतिथि विनोद कोसले संविधान विशेषज्ञ, देवेंद्र चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य, आंनद बघेल जनपद सदस्य व कुलेश्वर रोशन वर्मा सरपंच होंगे।

## निधन

### मोतिम देवांगन

**भिलाई।** देवांगन परमार्थ सेवा समिति रामनगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष



डॉ. केएल देवांगन की पत्नी मोतिम देवांगन 56 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान एमआईजी-1 20/1 जवाहर नगर भिलाई से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दीपिका, प्रिती, लता, नुपुर और नितेश देवांगन की मां थीं।

---

## भाजपा पदाधिकारी घर-घर पहुंचकर योजनाओं से लाभान्वितों का किया सम्मान

# वार्ड चलो बस्ती चलो अभियान में केंद्र और राज्य शासन के योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बस्ती चलो घर चलो अभियान के तहत भाजपा जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में लेबर कैंप शक्ति केंद्र में महत्वपूर्ण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें हितग्राहियों के घर घर जाकर प्रधानमंत्री के योजनाओं को पूछा गया एवं संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया किया गया। मुख्य अतिथि जिला भिलाई के मुख्य प्रवक्ता प्रेमलाल साहू एवं विशिष्ट अतिथि भिलाई जिला मंत्री मनोज तिवारी, रायपुर संभाग किसान मोर्चा प्रभारी रेखराम बंछोर और भिलाई जिला सह कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन रहे। विशेष अतिथि वार्ड -13 पार्षद कविता विश्वाल,मंडल महामंत्री ध्रुव देवांगन, ओम प्रकाश साहू, जिला कार्य समिति जोगेश्वर सोनी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव, मीडिया प्रभारी संजय यादव, जिला महिला कार्यकारिणी प्रियंका चौधरी, मंडल के मंत्री अनुपमा देवी अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष बी आर रामटेके, महिला मोर्चा महामंत्री प्रिया गुप्ता, युवा मोर्चा पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, राकेश वर्मा, रामा देवांगन, ज्योति राय, लक्ष्मी देवांगन, नमिता देवांगन, संगीता चौधरी आदि उपस्थित थे।

**भाजपा जामुल मंडल ने व्यक्त किए अपने विचार**



### भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे जनता तक

**पाटन।** गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने ग्राम - रानीतराई पाटन में ग्रामीणजनों से आत्मीय मुलाकात कर संवाद किया। इस अवसर पर डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, राशन, पेंशन एवं अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से चर्चा किया व स्कूल का निरीक्षण कर जायजा लिया व विद्यार्थियों से चर्चा की गई। इस दौरान पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले , केवल देवांगन, सभापति देवेन्द्र ठाकुर सहित भाजपा नेता हिमांचल साहू, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### ग्रामवासियों से संवाद किया भाजपाइयों ने

**नंदिनी अहिवारा।** ग्राम पंचायत ओटबंद में भारतीय जनता पार्टी के "गांव चलो अभियान" कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने रविवार को ग्रामवासियों के साथ संवाद किया एवं संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया।



इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, भाजपा जिला भिलाई उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार , विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू , सरपंच निर्मला बुधराम साहू , राजा शर्मा, जनपद सदस्य श्रीमती हेमा,भोजेश्वर साहू, जनपद सभापति एकता भोजराज साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमन साहू और भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शारदा जांगड़े सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### लोगों तक पहुंच रहे भाजपा कार्यकर्ता

**जामगांव आर।** राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित एवं वंचित ग्रामीणों की प्रत्यक्ष जानकारी लेते हुए भाजपा मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता सघन जनसंपर्क कर रहे हैं।



इस अभियान में 10 ग्रामों का दौरा करने वालों में जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, जिला भाजपा मंत्री शैलेंद्री मंडावी, शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला, जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू , जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक , महामंत्री पूर्णेन्द्र सिन्हा, नंदनी साहू,लुभम बंछोर, मेघनाथ सागरवंशी, सीताराम साहू , मनीष जैन, सीताराम साहू आदि शामिल रहे।

### गांव-गांव में हो रहा जनसेवा का विस्तार : कीर्ति



**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी "सेवा ही संगठन" कार्यक्रम के अंतर्गत 7 से 12 अप्रैल तक "गांव बस्ती चलो अभियान" जारी है। जिसमें ग्राम कौही, बोरेन्दा एवं असोगा तथा अमलेश्वर मंडल के ग्राम जमराव में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण के मूल सिद्धांतों पर कार्य करने वाली पार्टी है और "सेवा ही संगठन" अभियान इसी विचारधारा का सशक्त प्रतीक है।

### भाजपाइयों ने की प्राचीन महामाया मंदिर की सफाई



**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा ही संगठन 7 अप्रैल से 12 अप्रैल गांव चलो अभियान एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक प्राचीन महामाया मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं धान मण्डी सोसायटी कुम्हारी के अध्यक्ष मनोज वर्मा, मीना वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी, फिंगेश्वर साहू उपाध्यक्ष कुम्हारी मंडल, दीपक चतुर्वेदी महामंत्री, आयुषी पाण्डेय प्रदेश युवा मोर्चा पदाधिकारी, रीता पांडेय महिला मोर्चा जिला मंत्री, सुनीता कुर्रे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति सदस्य, रामकुमार सोनी, योगिता वर्मा, सुजीत यादव आदि उपस्थित थे।

### गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया



**सेलूद।** सेवा ही संगठन के तहत गांव चलो बस्ती चलो अभियान में भाजपा पाटन मंडल के ग्राम सेलूद में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा पदाधिकारी घर- घर पहुंचकर देश एवं राज्य के योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान कबीर आश्रम सेलूद के महंत सुकृत दास शास्त्री से मुलाकात कर जल्द स्वस्थ होने की कामना किया गया। इस अवसर पर अतिथि नीलम चंद्राकर सभापति जिला पंचायत दुर्ग, संतोष सोनी, कार्यक्रम प्रभारी पाटन मंडल रानी बंछोर मंडल अध्यक्ष, कृष्ण कुमार साहू, खेमीन साहू, कुणाल वर्मा, राजेश चंद्राकर, केशव बंछोर, खेमलाल साहू आदि मौजूद थे।

---

### केवाईसी के नाम पर चल रही लूट

**निकुम।** शासन की ओर से आमजन का भटकाव कम करने व शासन के कई योजनाओं को लाभ देने उद्देश्य से ग्राम पंचायतों, लोक सेवा केंद्रों की स्थापना की गई थी, लेकिन कई जगह पंचायतों में ना बैठकर



अपने निजी दुकानों में अपने मनमानी रवैये के दम पर मनमर्जी से काम कर रहे हैं। वहीं भाजपा सरकार की महिलाओं को सम्मान देने महतारी वंदन योजना शुरू किया, बीते कुछ दिनों से महतारी वंदन केवाईसी जाकर कराना है, जिसमें सभी महिलाओं को केवाईसी प्रिंट देने के नाम पर दस रुपए ले रहे हैं। वहीं सीएससी संचालक निकुम गजेंद्र साहू ने कहा कि प्रिंट का दस रुपए चार्ज लगेगा। वहीं सीएससी निकुम उपेंद्र साहू निकुम व ग्राम खाड़ा के संजय देशमुख ने कहा कि प्रिंट आउट की जरूरत ही नहीं क्योंकि मोबाइल में मैसेज जाता है, पैसा लेना गलत है गौर हो निकुम पंचायत में सीएससी संचालक बैठता नहीं है, जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के कदम नहीं पड़ने के इनके मनमानी बढ़ रही है। इनके भरोसे व्यवस्था को छोड़ प्रशासन बेफिक्र हो चुका है। आम आदमी यहां आकर लूट रहा है और कई सीएससी संचालक जमकर मलाई मारने में लगे हैं, वहीं सीएससी डीसी दुर्ग सुनील पांडे ने कहा इस मामले की जानकारी लेता हूं।

## बेटियों की फीस जमा कर मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी अहिवारा

भारतीय जनता पार्टी अहिवारा मंडल में पार्टी का स्थापना दिवस नगर पालिका वार्ड-9 स्थित अटल परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर मनाया गया। यहां 501 दिये जलाकर आतिशवाजी की गई और श्री हनुमान चालिसा का पाठ कर एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान तथा शरबत एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान जरूरतमंद बालिकाओं की फीस जमा की गई। दो माह पूर्व 200 यूनिट नंदिनी नगर निवासी सुखदेव और उनके तीन वर्षीय पुत्र का सड़क हादसे में निधन हो गया था। उनकी दो बेटियों की स्कूल की फीस में दिक्कत आ रही थी। जिस पर अहिवारा मंडल भाजपा के समस्त पदाधिकरियों ने मिलकर 41 हजार रुपए आपस में संग्रह कर दोनों बालिकाओं का एक साल की फीस जमा कर उन बच्चियों के पढ़ाई में मदद की। स्थापना दिवस के दूसरे दिन में मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि डोमन लाल कोर्सेवाडा विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसुचित जाति विकास प्रधिकरण थे। मुख्य वक्ता राकेश पांडे अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग छत्तीसगढ़ शासन और विशेष अतिथि भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष



■ भाजपा अहिवारा मंडल ने कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

पुरुषोत्तम देवांगन थे। वहीं विशेष अतिथि रवि शंकर सिंह भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भिलाई जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष नपाप अहिवारा नटवर लाल ताम्रकार, राकेश पांडे अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग छत्तीसगढ़ शासन, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, रवि शंकर सिंह भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, पद्मश्री उषा बारले, भिलाई जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका अहिवारा नटवरलाल ताम्रकार, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अहिवारा रामजी निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

---

**बिजनेस साइट**

### पीलिया के गंभीर मरीज का हाइटेक में सफल इलाज



**भिलाई।** लीवर सिरोसिस के एक ऐसे मरीज का हाइटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल में सफल इलाज किया गया जिसकी हालत अत्यंत गंभीर थी। मरीज को अचेतावस्था में हॉस्पिटल लाया गया था। मरीज को निमोनिया भी था। शराब के आदि इस मरीज को पीलिया ने पूरी तरह से जकड़ रखा था। 10 दिन आईसीयू में वेन्टीलेटर पर रहने के बाद उसकी जान बच गई। गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. आशीष देवांगन ने बताया कि 35 वर्षीय यह युवक शराब का आदि था। उसके लिवर की हालत अत्यंत खराब थी। रक्तचाप लगातार गिर रहा था। मरीज सांस नहीं ले पा रहा था। घर वालों के अनुसार मरीज का पेशाब भी बंद था। मरीज की छाती में संक्रमण था। मरीज को तत्काल आईसीयू में शिफ्ट किया गया तथा उसे वेंटीलेटर पर डाला गया। लिवर सपोर्ट के लिए दवाइयां शुरू की गईं। निमोनिया और छाती के संक्रमण का इलाज प्रारंभ किया गया। ऐसे मरीजों की सर्वाइल रेट बहुत कम होती है, लगभग 5 प्रतिशत। पर मरीज पर दवाइयों ने अच्छा असर दिखाया और 10 दिन बाद वह सकुशल आईसीयू से बाहर निकल आया। डॉ. देवांगन ने बताया कि मरीज का जीवन बचाने में छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. ए अंसारी, इंटेंसिविस्ट डॉ. मौसम खूबवानी, डॉ. नीलिमा बम्बोडे और आईसीयू स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### वेडिंग एण्ड मॉडर्न ज्वेलरी एग्जीबिशन को मिला प्रतिसाद



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड सहेली ज्वेलर्स द्वारा होटल शिवाजीइन, चंद्रागिरीरोड, डोंगरगढ़ में आयोजित वेडिंग एण्ड मॉर्डन ज्वेलरी एग्जीबिशन को डोंगरगढ़ वासियों का अभूत पूर्व प्रेम और समर्थन प्राप्त हुआ। इस भव्य प्रदर्शनी में डायमंड, गोल्ड और पोल्की ज्वेलरी के शानदार कलेक्शन को देखने औ रखरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता दर्ज की। आधुनिक डिज़ाइन्स और हल्के वजन में उपलब्ध आकर्षक ज्वेलरी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और खरीदारी के लिए उत्साह बढ़ाया। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर रामजी भारती प्रदेश उपाध्यक्ष, रमन डोंगरे नगर पालिका अध्यक्ष, उमा वर्मा उपाध्यक्ष, जसमीत सिंह मंडलअध्यक्ष आदि मौजूद थे। जो ग्राहक और भी आकर्षक ज्वेलरी कलेक्शन का अनुभव करना चाहते हैं, वे रायपुर और दुर्ग में संपर्क कर सकते हैं।

### 'साहू समाज' एकजुटता और कार्यकुशलता के लिए प्रेरणादायक समाज : कीर्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/सेलूद

■ झीट में परिक्षेत्रीय साहू समाज ने मनाई भक्त माता कर्मा जयंती

ग्राम झीट स्थित परीक्षेत्रीय साहू सदन में भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती महोत्सव एवं साहू सदन के लोकार्पण समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू समाज दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू एवं लालेश्वर साहू ने की। इस अवसर पर जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कीर्ति नायक ने साहू समाज की एकजुटता, अनुशासन एवं कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज संगठन और सामूहिक शक्ति का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि "साहू समाज के लोग हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते हैं और कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते हैं, यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।"

उन्होंने समाज की माताओं-बहनों एवं युवा साथियों की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान समाज की प्रगति का आधार है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भक्त माता कर्मा के जीवन, उनके त्याग, सेवा एवं समाजोत्थान के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज में एकता, सहयोग और सेवा भाव को और मजबूत करने का आह्वान किया।

---

## अंचल की खबरें

### राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी का आयोजन



**नंदिनी अहिवारा।** सांदीपनी अकादमी अहिवारा में राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी का सफल आयोजन किया गया। यह पहल भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एनआईएसएम) द्वारा संचालित है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यह उनके लिए वित्तीय अवधारणाओं एवं जिम्मेदार निवेश की समझ को सुदृढ़ करने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हीरल पाठक (एनआईएसएम) के मार्गदर्शन एवं समर्थन में तथा आदित्य प्रताप सिंह, एक समर्पित वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षक, के सहयोग से किया गया। आदित्य प्रताप सिंह ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 200 से अधिक वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं। स्मार्ट निवेश और जिम्मेदार वित्तीय निर्णयों के प्रति जागरूकता फैलाने में उनके निरंतर प्रयासों ने इस पहल को प्रभावशाली और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बनाया।

### कांग्रेस की मंडल बैठक में संगठन विस्तार पर जोर



**धमधा।** प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत कांग्रेस कमेटी धमधा में अंतर्गत देवरी ,घोटवानी ,धमधा,पेंड्रावन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी मंडल पदाधिकारियों का गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना रहा, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड कमेटी और बूथ कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय होकर आम जनता से जुड़ना होगा और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना होगा।

बैठक में जिला प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शमशीर कुरैशी, जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, जिला प्रवक्ता रजत नायक, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष राज पटेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अशोक कसार, ज्वाला साहू, हिम्मत ढीमर, मंडल अध्यक्ष अरुण साहू, जितेंद्र वर्मा, संगीता यादव, देवेंद्र चंदेल, धर्मेंद्र साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सेक्टर अध्यक्ष रामचन्द्र जंघेल भुनेश्वर नेताम, गिरवर पटेल, रामकुमार पटेल, सुमंत ताम्रकार, अनिल साहू, श्रवण साहू, त्रिलोकी पटेल, संतोष साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

### पेंशन योजनाओं का भुगतान लंबित : लेखराम

**कुम्हारी।** प्रदेश में संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों को विगत कई महीनों से पेंशन राशि प्राप्त नहीं हो रही है। पार्षद लेखराम साहू ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन तथा मुख्यमंत्री पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत अक्टूबर एवं दिसंबर माह से भुगतान लंबित है। इन योजनाओं का भुगतान डीबीटी माध्यम से किया जाता है, इसके बावजूद हितग्राहियों को समय पर राशि नहीं मिल पा रही है। पेंशनधारक, जो समाज के सबसे कमजोर वर्ग से आते हैं वे आज अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भटकने को मजबूर हैं।



### घायल का भरवाएं इंज्यूरी फॉर्म : सीटू

**भिलाई।** सीटू यूनियन की टीम ने भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य व अग्निशमन से को पत्र सौंपकर चार दिन पूर्व संयंत्र में हुई दुर्घटना में घायल एक कर्मी का इंजुरी फार्म भरवाने की मांग की है। यूनियन ने बताया किअग्नि शमन विभाग के कर्मचारी भागचंद मीणा का ड्यूटी के दौरान कानों में पड़े ध्वनि की तीव्रता के कारण कान क्षतिग्रस्त होने से कानों में सीटी बजना शुरू हुआ है। पीड़ित कर्मी भागचंद द्वारा अग्नि शमन विभाग के अधिकारियों को इंज्यूरी फॉर्म भरने के लिए कहने के बाद अभी तक इंज्यूरी फॉर्म नही भरा गया है। यूनियन ने पत्र की प्रतिलिपि कार्यपालक निदेशक (संकार्य) तथा मनीष कुमार कुंजाम,डिप्टी डायरेक्टर (स्वास्थ्य एवं सुरक्षा), दुर्ग को दिया गया। पत्र में बताया कि इस मामले में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर जो लापरवाही हुई है उसे तत्काल दुरुस्त करने के लिए दखल देवे ताकि इस मामले में उक्त कर्मी का इंज्यूरी फॉर्म भरा जा सके।

### सच्ची श्रद्धा और तप से मिलते हैं भगवान : महादेव




**सेलूद।** बाजार चौक सेलूद में आयोजित गायत्री महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य महादेव ने कहा भगवान सबके जीवन में आते हैं लेकिन उनका साक्षात्कार हर कोई नहीं कर पाता। जिसके हृदय में भक्ति, श्रद्धा और सच्ची भावना होती है, वही भगवान को अनुभव करता है। जितनी हमारे भीतर गहराई होगी, उतना ही हम भगवान के करीब होंगे, क्योंकि भगवान बाहर नहीं, हमारे भीतर ही विराजमान हैं।पार्वती जन्म कथा सुनाते हुए आचार्य महादेव ने कहाजब-जब धरती पर अधर्म और असुरों का अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अपनी लीला रचते हैं। इसी क्रम में माता सती ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में अपमान सहन न कर देह त्याग दी। भगवान शिव विरह में समाधि में लीन हो गए और सृष्टि का संतुलन बिगड़ने लगा। तब देवताओं की प्रार्थना पर आदिशक्ति ने पुनः जन्म लेने का संकल्प लिया। हिमालयराज और रानी मैना के घर एक दिव्य कन्या का जन्म हुआ यही माता पार्वती थीं। बचपन से ही उनके हृदय में भगवान शिव के प्रति अटूट प्रेम और भक्ति थी। माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न किया। वर्षों तक वन में रहकर उन्होंने कठिन व्रत और साधना की। उनकी अटूट श्रद्धा और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया।यह कथा हमें सिखाती है कि सच्ची भक्ति, तप और समर्पण से असंभव भी संभव हो जाता है। मौके पर पूर्व सरपंच ख़ेमीन साहू, एनके तिवारी, खेमलाल साहू,रमेश देवांगन,सुरज वर्मा,ललिता बनपेला, पीतांबरी साहू,सीता बंछोर, दिगंबर बंछोर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


**लाइव इवेंट**

## 51 महिला कलाकार वीरांगनाओं पर देंगी प्रस्तुति, कविताओं का होगा मंचन




**भिलाई।** स्वयंसिद्धा के 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर 18 अप्रैल को एसएनजी सेक्टर 4 में 51 महिला कलाकार देश की वीरांगनाओं पर लाइट एंड साउंड शो की प्रस्तुति देंगी। इस दौरान स्त्री शक्ति है स्त्री की, अभियान के तहत 31 संस्थाओं को स्वयंसिद्धा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

छत्तीसगढ़ की अग्रणी महिला संस्था स्वयंसिद्धा के 16वें स्थापना दिवस की तैयारी जोर-शोर से जारी है। जो इस वर्ष भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की भूली बिसरी वीरांगनाओं को समर्पित रहेगा जिन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया और इतिहास में अमर हो गए लेकिन आम जनता उनके नाम से वाकिफ भी नहीं। संस्था की अध्यक्ष डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि इस वर्ष एक नए प्रयोग के तहत कविताओं का मंचन किया जाएगा। स्त्री शक्ति है स्त्री की अभियान के तहत 31 संस्थाओं को स्वयंसिद्धा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा जो समाज में नवजागरण एवं जन जागरूकता के उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। अब बेटी के नाम से जानी जाएगी मां अभियान के अंतर्गत इस वर्ष देबजानी मजूंमदार, राजश्री नायर, संगीता जायसवाल, कुदसिया अली, रुखसाना शेख एवं आंचल चक्रवर्ती अपनी माताजी के नाम से छत्तीसगढ़ की 6 महिला विभूतियों को सम्मानित करेंगी। उल्लेखनीय है कि स्वयंसिध्दा 20 सालों से भी अधिक घरेलू महिलाओं की प्रतिभा को मंच एवं सम्मान देने का अनुकरणीय कार्य कर रही है जिसके तहत यह महिलाएं अवसाद एवं तनाव से बाहर निकल जागरुकता दूत बनकर सामाजिक सरोकार के कार्यों में अपना समय व सहयोग दे रही है। इस कार्यक्रम में 51 महिला कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी।

- 6 महिला विभूतियों को किया जाएगा सम्मानित




**सिटी इवेंट**

## एकता कप टूर्नामेंट में हॉकी का बढ़ा रोमांच, फाइनल मैच आज



**दुर्ग।** जिला हॉकी संघ दुर्ग द्वारा सिविल लाइन हॉकी ग्राउंड में आयोजित 4 दिवसीय एकता कप फ्लड लाइट हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी इंद्रजीत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सबा अंजुम, विनोद चंद्राकर, अय्युब खान मौजूद रहे। जिला हॉकी संघ द्वारा टूर्नामेंट को रोमांचक बनाने 7 ए साईड प्रारुप पर आयोजित टूर्नामेंट में देश व प्रदेश की कुल 20 हॉकी टीमें हिस्सा ले रही है। जिनमें नागपुर, भुसावल महाराष्ट्र, उमरिया, सिवनी म.प्र., दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, कुरुद, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर छ.ग., एचटीसी के अलावा अन्य टीमें शामिल है।

उद्घाटन अवसर पर सभी अतिथियों ने हॉकी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलवार को शाम 7 बजे खेला जाएगा। सेमी फाइनल मैच सोमवार को एचटीसी दुर्ग व डीएचए बिलासपुर और भुसावल व सिवनी के मध्य खेला गया। इसके पहले क्वार्टर फाइनल मैचों में डीएचए बिलासपुर, एचटीसी दुर्ग, भुसावल,सिवनी की टीमें रोमांचक मैच में विजयी रही। आयोजन में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अय्युब इरफान, सचिव जहांगीर खान, उपाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा, सुनील नवघरे, वहीद खान, अब्दुल हनीफ खान, मोहम्मद एजाज कुरैशी, सहसचिव रशीद अली खान, खुर्शीद बख्श, फहीम खान, मोहम्मद फारुख, उबेद कुरैशी, धीरेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष नियाजुद्दीन शेख, सह कोषाध्यक्ष इशाक खान, हॉकी खिलाड़ी विनोद वाघ, दलबीर सिंह, डॉ. अजय लांजीवार, मिर्जा शफी अहमद, नजुमुद्दीन, अंसार खान, गुलाम रहमानी, विनीता नवघरे, भूमि उपाध्याय एवं अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।



**महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट के बहुउद्देशीय भवन में समाज के वरिष्ठजनों का किया सम्मान**

# अग्रसेन भवन लोकार्पण में दिखी समाज की एकजुटता और सेवा भावना

## सहयोग का लिया संकल्प, गेम्स व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में किया इंजाय

**भिलाई। महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट दुर्ग द्वारा निर्मित आधुनिक, सुसज्जित एवं बहुउद्देशीय भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों, संतजनों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरुआत में पंक्चुअलिटी गेम आयोजन किया गया। जिसमें अंकिता अग्रवाल और प्रीति राजगढ़िया द्वारा संचालित गेम में उपस्थित अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गेम का आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सभागार के आर्किटेक्ट इंजीनियर अनुराग राठी, सुरजीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल रानी सती और कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही नए ट्रस्टी के रूप में नवल अग्रवाल और ललित अग्रवाल को शामिल किया गया।**

### सुंदरकांड पाठ में रहे शामिल

कार्यक्रम में अग्रवाल समाज दुर्ग के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया, महासचिव प्रहलाद रूंगटा, महिला मंडल अध्यक्ष नीलू अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी नेताराम अग्रवाल, विजय गुप्ता भिलाई, बंशी अग्रवाल, अनिल जिंदल, रतनलाल अग्रवाल, ट्रस्टी राजेश अग्रवाल, प्रो डीसी अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राधेश्याम, कमल नारायण रूंगटा, महेंद्र सेक्सरिया, बृजमोहन गोयल, महावीर अग्रवाल, हरिनारायण अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, नत्थूलाल अग्रवाल, मनोज राजगढ़िया, आरती अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, सुरेन्द्र रूंगटा, पंकज कोर्तुका, अजय अग्रवाल, किशन लाल गोयल, गणेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजिकजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुरारी अग्रवाल द्वारा किया गया। अंत में सुंदरकांड पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





### सभी को मिलेगा भवन का लाभ

भवन के विभिन्न भागों का लोकार्पण किया तथा दानदाताओं का सम्मान किया गया। समाज के प्रमुख सदस्यों द्वारा भवन के विस्तार के लिए सहयोग की घोषणा भी की गई। संजय रूंगटा, सुरेश अग्रवाल, संतोष रूंगटा, रामनिवास अग्रवाल सीता परिवार और बंशीधर पोद्दार ने नए कक्षों के निर्माण के लिए सहयोग देने की घोषणा की। वहीं दयानंद सुनील गोयल परिवार और रेखचंद वीना देवी अग्रवाल परिवार द्वारा एक-एक तल व सीता परिवार एवं नारायण अग्रवाल परिवार द्वारा संयुक्त रूप से एक तल निर्माण का संकल्प लिया गया।

### स्व. माता-पिता के नाम भवन किया समर्पित

सभागार को विजय अग्रवाल व रूही अग्रवाल द्वारा अपने पिता स्व. रामस्वरूप एवं माता रतन कुमारी की स्मृति में निर्माण कराया गया और उस सभागार का नाम राम रतन हॉल दिया गया। भवन में स्थापित दोनों लिफ्ट नंदलाल और बिमल राजगढ़िया द्वारा स्व. निर्मला देवी की स्मृति में प्रदान की गई हैं। प्रथम तल के छह कक्षों का निर्माण कैलाश रूंगटा एवं विमलेश रूंगटा अपने माता-पिता की स्मृति में कराया गया। वहीं द्वितीय तल के कक्षों के निर्माण में राधेश्याम अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, मोनिष अग्रवाल, घनश्याम दास आदि का योगदान रहा।



### महाराजा अग्रसेन के नाम पर ओवरब्रिज का नाम रखने का प्रस्ताव

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने समाज के सहयोग से निर्माण कार्य की सफलता का उल्लेख करते हुए आगे भी सहभागिता बनाए रखने की अपील की। साथ ही उन्होंने दुर्ग टोल नाका से नेहरू नगर चौक तक बनने वाले ओवरब्रिज का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर रखने का प्रस्ताव भी रखा। प्रमुख सलाहकार राधेश्याम अग्रवाल ने भूमि क्रय से लेकर भवन निर्माण तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। चेयरमैन विजय अग्रवाल और महासचिव कैलाश रूंगटा ने भवन को और अधिक सुविधायुक्त बनाने के लिए समाज के अग्रबंधुओं से सहयोग की अपील की तथा अपने माता-पिता के आदर्शों का अनुसरण करते हुए सेवा एवं दान की भावना को निरंतर बनाए रखने का आह्वान किया।

## मैथिल ब्राह्मण महिला समाज के मिलन समारोह में बिखरी सामाजिक समरसता की खुशबू

**भिलाई।** मैथिल ब्राह्मण महिला समाज भिलाई का मिलन समारोह आत्मीय माहौल में हुडको में हुआ। इस अवसर पर सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा के साथ गीत, संगीत और रोचक गेम्स आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हाल में जिनके बच्चों के विवाह और यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुए और जल्द होने वाले हैं,उन्हें बधाई दी गई। समाज द्वारा 21 मार्च को अक्ति अक्षय तृतीया पर्व को सामूहिक रुप से मनाने पर विचार किया गया। समाज की वरिष्ठ सदस्य अंजलि ठाकुर के हुडको निवास परिसर में हुए कार्यक्रम में पद्मा झा,सुषमा झा, विद्या ठाकुर, रत्ना मिश्रा,राजश्री झा,अंजलि ठाकुर,जया झा,भावना मिश्रा, साधना झा, ललिता चौधरी, और आशुतोष ठाकुर, ब्रजेंद्र कुमार झा,अशोक कुमार ठाकुर, धनेश कुमार मिश्रा,राजेंद्र झा,गणेश मिश्रा, ललित नारायण चौधरी अखिलेश झा, निशिथ झा,यादवेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।



## अंबेडकर जयंती पर स्टेशन मरोदा में आयोजन आज

**भिलाई।** 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर स्टेशन मरोदा के वार्ड 17 व नगर पालिका निगम रिसाली के अलग-अलग वार्डों में कई कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।वार्ड 17 चंद्रिका किराना स्टोर्स के सामने में सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश पटेल आदि शामिल होंगे।

## अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा के लिए फ्री कोचिंग, 1 मई से प्रशिक्षण शुरू



**भिलाई।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल 2026 तक पूर्ण की जा चुकी है। भर्ती के अंतर्गत आयोजित होने वाली ऑनलाइन लिखित परीक्षा सीईई 1 जून से 15 जून 2026 के बीच संभावित है। युवाओं को परीक्षा के लिए बेहतर रूप से तैयार करने के उद्देश्य से संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, दुर्ग द्वारा विशेष निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 1 मई से 31 मई 2026 तक संचालित होगा।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंजीकृत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा की तैयारी में मार्गदर्शन प्रदान करना है, जिससे वे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी रोजगार विभाग के आधिकारिक पोर्टल erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, दुर्ग में सीधे संपर्क कर सकते हैं। साथ ही कार्यालय के नंबर 0788-2323504 या ईमेल ddi-rempdurg041@gmail.com के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर इस निःशुल्क प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाएं।

**संस्था में निवासरत लोगों से भेंट मुलाकात कर जाना हालचाल**

# फील परमार्थम में सजी गीत और संगीत की महफिल, विद्यार्थियों ने बिताया समय, बांटी खुशियां

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों और शिक्षकों का दल सामाजिक संस्था फील परमार्थम पहुंचा, जहां बेसहारा वृद्धों एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के बीच समय बिताकर सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवीय मूल्यों का विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवाभाव और सामाजिक जिम्मेंदारी की भावना को विकसित करते हैं। विश्वविद्यालय परिवार ने संस्था में निवासरत लोगों से भेंट मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके साथ समय बिताकर उनके सुख-दुख साझा किए। इस दौरान विद्यार्थियों ने गीत, संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण भावनात्मक होने के साथ ही उत्साहपूर्ण भी हो गया।



### सेवा के साथ जुड़ी संवेदना

संस्था में रह रही रजनी ने भी मधुर गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विश्वविद्यालय की ओर से आवश्यक सामग्री एवं दवाइयों का वितरण किया गया। श्री गंगाजली एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. जया मिश्रा ने कहा कि यह केवल एक औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि संवेदनाओं से जुड़ी एक सार्थक पहल है, जहां शिक्षा और समाजसेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सीईओ रुद्रांश मिश्रा ने भी वहां निवासरत लोगों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।

### असहाय लोगों की सेवा कर रही संस्था

फील परमार्थम फाउंडेशन के अमित राज ने बताया कि संस्था वर्ष 2018 से असहाय लोगों की सेवा में निरंतर कार्य कर रही है, जहां वर्तमान में 92 लोग निवासरत हैं और अब तक 45 लोगों को उनके परिजनों तक पहुंचाया जा चुका है। कार्यक्रम में कुलपति डॉ संदीप श्रीवास्तव और कुलसचिव डॉ स्मिता सेलट, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थी, शिक्षक एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।









हर वर्ष 14 अप्रैल को पूरा देश भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक और करोड़ों वंचितों की आवाज रहे डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाता है। उनकी 135वीं जयंती केवल एक स्मरण दिवस नहीं, बल्कि समानता, न्याय और मानवाधिकारों के प्रति हमारे संकल्प को दोहराने का अवसर है।













Bhimrao Ramji Ambedkar का जीवन संघर्ष, साहस और ज्ञान की अद्वितीय मिसाल है। 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में जन्मे आंबेडकर ने सामाजिक विषमताओं और भेदभाव का सामना करते हुए शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया।

उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि कठिन परिस्थितियां भी मजबूत इरादों को नहीं रोक सकतीं।

भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही। उन्होंने एक ऐसे संविधान की रचना की, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी देता है। यही कारण है कि उन्हें "भारतीय संविधान का शिल्पकार" कहा जाता है।

आंबेडकर ने समाज में फैली जातिगत असमानता और छुआछूत के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उनका मानना था कि "शिक्षा, संगठन और संघर्ष" ही समाज में बदलाव का मूल मंत्र है।

उन्होंने न केवल सामाजिक न्याय के लिए आवाज उठाई, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और श्रमिकों के हितों के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए। उनका दृष्टिकोण एक समतामूलक और आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शक रहा है।

डॉ. आंबेडकर के विचार आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने उनके समय में थे। उन्होंने कहा था कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है।













